जोमैटो के डिलीवरी ब्वॉयज की पावर हाउस में हूई कोविड टेस्ट

भिलाई निगम/ जोमैटो के डिलीवरी ब्वॉयज की कोविड जांच आज पावर हाउस में की गई! पावर हाउस रेलवे स्टेशन में लगाए गए जांच कैंप में आज दोपहर की पाली में 54 लोगों के सैंपल लिए गए! जोमैटो के डिलीवरी ब्वॉयज के अलावा दूसरे स्थान से भिलाई आने वाले यात्री एवं रेलवे में कार्यरत मजदूर की भी कोविड जांच की गई! स्वास्थ्य विभाग से तुलसी भास्कर और राधिका भारद्वाज ने कोविड टेस्टिंग के लिए सैंपल लिया! तुलसी भास्कर ने बताया कि आज 54 सैंपल लिए गए जिसमें से जोमैटो के 49 डिलीवरी ब्वॉय ने अपना जांच कराया! सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आई! 54 में से एंटीजन में सभी की रिपोर्ट नेगेटिव प्राप्त हूई है! उन्हीं में से 19 लोगों के टू नॉट सैंपल लिए गए है! विगत दिन ही ऑनलाइन डिलीवरी ब्वॉयज एवं स्ट्रीट वेंडर्स की कोविड जांच के लिए नेहरू नगर में भी कैंप लगाया गया था! कोविड जांच के लिए निगम एवं स्वास्थ विभाग के समन्वय से स्ट्रीट वेंडर्स, मेडिकल स्टोर में कार्य करने वाले लोग, एवं होम डिलीवरी ब्वॉयज की कोविड जांच के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है! इन सभी को पूर्व से सूचना प्रदान की जा रही है, निर्धारित समय और स्थान के बारे में जानकारी दी जा रही है! सीपीएम तुषार मिश्रा ने जानकारी देते हूए बताया कि घर-घर जाकर होम डिलीवरी करने वाले व्यक्तियों का कोविड जांच किया जा रहा है, आगे उन्होंने बताया कि 3 पालीयो में सैंपल लिया जा रहा है, प्रथम पाली में प्रातः 6:00 से 11:00 बजे, द्वितीय पाली में 11:00 से 3:00 बजे तक तथा तृतीय पाली में 3:00 से 7:00 बजे तक सेंपलिंग की जा रही है! बता दें कि आवश्यक सामग्री प्राप्त करने के लिए होम डिलीवरी की अनुमति जिला प्रशासन द्वारा दी गई है! यदि इनमें से कोई भी संक्रमित हूआ तो वह अन्य को तेजी से संक्रमित कर सकता है! इसे दृष्टिगत रखते हूए जिला कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने अभियान चलाकर इनके टेस्टिंग करवाने के निर्देश दिए हैं! नेगेटिव आने पर इन्हें स्टीकर भी प्रदान किया जाएगा! इस अभियान के तहत निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर पावर हाउस रेलवे स्टेशन में कैंप लगाकर जांच की गई! निगम भिलाई और स्वास्थ विभाग के समन्वय से आगे भी अभियान को जारी रखा जाएगा! ताकि सत प्रतिशत स्ट्रीट वेंडर एवं डिलीवरी ब्वॉयज का शीघ्र, अति शीघ्र कोविड जांच हो सके! वही नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोसानगर में भी कुछ डिलीवरी ब्वॉयज ने आज अपना कोरोना टेस्ट करवाया!